Australian Government
Services Australia

HINDI

# वृद्ध देखभाल सेवाओं के बारे में जानकारी और मदद

My Aged Care [माई एजेड केयर] आपको सरकार द्वारा वित्त पोषित वृद्ध देखभाल सेवाओं के बारे में जानकारी और मदद देती है। हमारे Aged Care Specialist Officers [वृद्ध देखभाल विशेषज्ञ अधिकारी] (ACSO) आपको यह समझने में मदद कर सकते हैं कि क्या सहायता उपलब्ध है।

## ACSO क्या करते हैं

वे निम्नलिखित तरीकों से आपकी मदद कर सकते हैं:

- विभिन्न प्रकार की वृद्ध देखभाल सेवाओं, लागतों और सहायता प्राप्त करना शुरू करने के तरीके के बारे में जानकारी देकर
- वृद्ध देखभाल आकलन के लिए आपको आकलन करने वाले एक संस्थान के पास भेजकर
- My Aged Care [माई एजेड केयर] से संवाद करने में आपकी मदद के लिए एक पंजीकृत सहायक की व्यवस्था करके
- आपको स्थानीय सहायता सेवाओं से जोड़कर

## आप ACSO के साथ कैसे बात कर सकते हैं

आप ACSO से हमारे कुछ सेवा केंद्रों में बात कर सकते हैं या अपने कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस पर वीडियो चैट के माध्यम से बात कर सकते हैं।

आप निम्नलिखित तरीकों से ACSO के साथ नि:शुल्क अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं:

- अपनी भाषा में हमारे साथ बात करने के लिए **131 202** पर फ़ोन करके
- Services Australia [सर्विसेज़ ऑस्ट्रेलिया] के आपके स्थानीय सेवा केंद्र से कहकर।

यदि आपको हमें फ़ोन करते समय या हमसे मिलने के लिए किसी दुभाषिये की आवश्यकता है, तो हम आपको निःशुल्क दुभाषिया सेवा उपलब्ध करवाएँगे।

## अधिक जानकारी के लिए

My Aged Care [माई एजेड केयर] और ACSOs के बारे में और अधिक जानने के लिए, आप निम्नलिखित कर सकते हैं:

- **myagedcare.gov.au** पर जाएं
- **servicesaustralia.gov.au/myagedcareface to face** पर जाएं
- सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे के बीच **1800 227 475** पर Services Australia [सर्विसेज़ ऑस्ट्रेलिया ] की एजेड केयर लाइन पर फ़ोन करें।

## अस्वीकरण

इस प्रकाशन में दी गई सूचना का उद्देश्य भुगतानों और सेवाओं के बारे में केवल दिशा-निर्देश प्रस्तुत करना है। यह तय करना आपकी ज़िम्मेदारी है कि यदि आप अपनी परिस्थितियों के आधार पर भुगतान के लिए आवेदन करना चाहते हैं या नहीं और आवेदन-पत्र देना चाहते हैं या नहीं।

Australian Government
Services Australia

ENGLISH

# Information and help about aged care services

My Aged Care gives you information and help about government-funded aged care services. Our Aged Care Specialist Officers (ACSOs) can help you understand what support is available.

## What does an ACSO do

They can help you by:

- giving information about different types of aged care services, costs and how to start getting help
- referring you to an assessment organisation for an aged care assessment
- setting up a registered supporter to help you deal with My Aged Care
- connecting you to local support services.

## How you can speak with an ACSO

You can speak with an ACSO at some of our service centres or through video chat on your computer or mobile device.

You can book a free appointment with an ACSO by:

- calling **131 202** to speak with us in your language
- asking at your local Services Australia service centre.

If you need an interpreter when you call or visit us, we will provide one for free.

## For more information

To find out more about My Aged Care and ACSOs, you can:

- go to **myagedcare.gov.au**
- go to **servicesaustralia.gov.au/myagedcarefacetoface**
- call Services Australia aged care line on **1800 227 475** between Monday to Friday 8 am to 5 pm.

## Disclaimer

The information contained in this publication is intended only as a guide to payments and services. It's your responsibility to decide if you wish to apply for a payment and to make an application with regard to your particular circumstances.